मसीह के पुनरुत्थान की सामर्थ्य

पाठ 8, अगस्त 22, 2026 के लिए

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह


"और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है, और तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है।. . . . और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो तुम्हारा विश्वास व्यर्थ है, और तुम अब तक अपने पापों में फँसे हो!" (1 कुरिन्थियों 15:14, 17)



यूनानी दर्शन के अनुसार—जो प्लेटो के सिद्धांतों पर आधारित था—शरीर मूलतः बुरा माना जाता था और केवल एक अमर आत्मा का कारागार समझा जाता था। इस सोच के अनुसार, यूनानियों और रोमियों के लिए शरीर के पुनरुत्थान का क्या अर्थ हो सकता था?

इसी कारण, कुरिन्थुस की कलीसिया के एक वर्ग ने पुनरुत्थान के अस्तित्व को अस्वीकार कर दिया। पौलुस अपनी पहली कुरिन्थियों की पत्री के पंद्रहवें अध्याय में इसी विषय पर चर्चा करता है।

यह कोई साधारण विषय नहीं है। पुनरुत्थान उद्धार से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। यदि पुनरुत्थान ही नहीं है... तो सुसमाचार का प्रचार करने का क्या उद्देश्य रह जाता है?

यीशु का पुनरुत्थान

क्या पुनरुत्थान एक ऐतिहासिक घटना थी? (1 कुरिन्थियों 15:1-11)

यीशु के पुनरुत्थान के परिणाम

यदि मसीह मरे हुओं में से जीवित न हुआ होता, तो क्या होता? (1 कुरिन्थियों 15:12-19)

पुनरुत्थान की क्या गारंटी है? (1 कुरिन्थियों 15:20-34)

हमारा पुनरुत्थान

हम किस प्रकार के शरीर में पुनर्जीवित किए जाएँगे? (1 कुरिन्थियों 15:35-49)

हमारा पुनरुत्थान कब होगा? (1 कुरिन्थियों 15:50-58)

यीशु का पुनरुत्थान



क्या पुनरुत्थान एक ऐतिहासिक घटना थी?

“इसी कारण मैं ने सबसे पहले तुम्हें वही बात पहुँचा दी, जो मुझे पहुँची थी कि पवित्रशास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिये मर गया, 4और गाड़ा गया, और पवित्रशास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी भी उठा। (1 कुरिन्थियों 15:3-4)

पुनरुत्थान के विषय में कुरिन्थियों की शंकाओं का उत्तर देने से पहले, पौलुस उन्हें स्मरण कराता है कि सुसमाचार कैसे कार्य करता है (1 कुरिन्थियों 15:1-2):

इसका प्रचार किया जाता है। → इसे ग्रहण किया जाता है। → इसमें स्थिर बना रहा जाता है। → इसके द्वारा उद्धार प्राप्त होता है।

और वह कौन-सा सुसमाचार है जिसका प्रचार किया जाता है? (1 कुरिन्थियों 15:3-4)

मसीह हमारे पापों के लिए मरा। → मसीह को गाड़ा गया। → मसीह तीसरे दिन जी उठा।

और हम कैसे जानते हैं कि पुनरुत्थान एक ऐतिहासिक घटना थी? पुनर्जीवित यीशु को किसने देखा? (1 कुरिन्थियों 15:5-8)

पतरस और बारहों ने। → पाँच सौ से अधिक भाइयों ने। → याकूब और सब प्रेरितों ने। → पौलुस “अधूरे दिनों का जन्मा हुआ”

पौलुस स्पष्ट करता है कि सुसमाचार परमेश्वर का कार्य है, जो “पवित्रशास्त्र के अनुसार” पूरा किया गया। अर्थात् यह परमेश्वर की पहले से ठहराई हुई योजना है, जिसमें पुनरुत्थान की अत्यंत मूलभूत भूमिका है। यदि किसी को अभी भी संदेह हो, तो वह उन गवाहों से पूछ सकता है जो उस समय तक जीवित थे।

यीशु के पुनरुत्थान के परिणाम





यदि मसीह मरे हुओं में से जीवित न हुआ होता, तो क्या होता?

"और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है, और तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है।" (1 कुरिन्थियों 15:14)

पुनरुत्थान की संभावना का इनकार करना मसीही विश्वास के साथ असंगति उत्पन्न करता है, क्योंकि "यदि मरे हुओं का पुनरुत्थान है ही नहीं, तो मसीह भी नहीं जी उठा" (1 कुरिन्थियों 15:12-13)। और यदि मसीह नहीं जी उठा...

- सुसमाचार का प्रचार व्यर्थ है [अर्थहीन] (1 कुरिन्थियों 15:14ए)।
- हमारा विश्वास व्यर्थ है [अर्थहीन] (1 कुरिन्थियों 15:14बी) [निष्फल] (1 कुरिन्थियों 15:17ए)।
- हम झूठे गवाह ठहरते हैं (1 कुरिन्थियों 15:15)।
- हम अब भी अपने पापों में हैं (1 कुरिन्थियों 15:17ख)।
- जो लोग मर चुके हैं, वे फिर कभी जीवित नहीं होंगे (1 कुरिन्थियों 15:18)।

यदि पुनरुत्थान न होता, तो यीशु केवल एक धर्मी मनुष्य होता जिसे बिना किसी कारण के मार डाला गया, परन्तु वह उद्धार करने में असमर्थ होता। "परन्तु सचमुच मसीह मुर्दों में से जी उठा है" (1 कुरिन्थियों 15:20ए)। हमारे पास एक जीवित उद्धारकर्ता है।

इसी कारण सुसमाचार अर्थपूर्ण है; हमारा विश्वास भी सार्थक है; हम सच्चे गवाह हैं; हमारे पाप क्षमा किए गए हैं; और जो मसीह में सो गए हैं, वे फिर जीवित होंगे।

पुनरुत्थान की क्या गारंटी है?

“परन्तु सचमुच मसीह मुर्दों में से जी उठा है, और जो सो गए हैं उनमें वह पहला फल हुआ।” (1 कुरिन्थियों 15:20)

यीशु के पुनरुत्थान से सुनिश्चित होने वाला पहला तथ्य यह है कि हम में से जिन्होंने आदम के समय से लेकर संसार के अंत तक परमेश्वर की उद्धार-योजना को स्वीकार किया है, यदि हम मर भी जाएँ, तो फिर जीवित किए जाएँगे (1 कुरिन्थियों 15:20-23)।

हमारे पुनरुत्थान के बाद क्या होगा? मृत्यु पर विजय प्राप्त करके यीशु अपने सभी शत्रुओं पर भी विजय प्राप्त करेगा (1 कुरिन्थियों 15:25-26)। तब यीशु सब कुछ पिता के अधीन कर देगा, ताकि “सब में परमेश्वर ही सब कुछ हो” (1 कुरिन्थियों 15:24, 28)।

इन भविष्य की प्रतिज्ञाओं के अतिरिक्त, पौलुस हमें दो ऐसी निश्चितताएँ भी बताता है जो हमारे दैनिक जीवन को प्रभावित करती हैं:

1 कुरिन्थियों 15:30-32

सुसमाचार का प्रचार करना सार्थक है, चाहे इसके कारण कष्ट सहना पड़े या खतरे का सामना करना पड़े।

1 कुरिन्थियों 15:33-34

बाइबल के सिद्धांतों के अनुरूप जीवन जीना सार्थक है।

हमारा पुनरुत्थान

हम किस प्रकार के शरीर में पुनर्जीवित किए जाएँगे?

“मुर्दों का जी उठना भी ऐसा ही है। शरीर नाशवान् दशा में बोया जाता है और अविनाशी रूप में जी उठता है।” (1 कुरिन्थियों 15:42)

पुनर्जीवित देह के विषय में उदाहरण:

पौधों की देह (1 कुरिन्थियों 15:35-38)

- एक बीज बोया जाता है।

- एक अन्न का पौधा उगता है।

- परमेश्वर प्रत्येक पौधे को अपनी इच्छा के अनुसार देह देता है।

सांसारिक शरीर (1 कुरिन्थियों 15:39)

- मनुष्यों के शरीर

- पशुओं के शरीर

- मछलियों के शरीर

- पक्षियों के शरीर

स्वर्गीय देह (1 कुरिन्थियों 15:40-41)

- सूर्य का तेज

- चन्द्रमा का तेज

- तारों का तेज

- प्रत्येक का अपना-अपना तेज (महिमा)

हम किस प्रकार के शरीर में पुनर्जीवित किए जाएँगे?

“मुर्दों का जी उठना भी ऐसा ही है। शरीर नाशवान् दशा में बोया जाता है और अविनाशी रूप में जी उठता है।” (1 कुरिन्थियों 15:42)

वर्तमान शरीर और पुनर्जीवित शरीर में क्या अंतर है? (1 कुरिन्थियों 15:42-44)

वर्तमान शरीर	पुनर्जीवित शरीर
नाशवान	अविनाशी
अनादर का	महिमामय
निर्बल	सामर्थी
स्वाभाविक	आत्मिक



आदम का शरीर पृथ्वी का था, परन्तु दूसरे आदम [यीशु] का शरीर स्वर्गीय है। पुनरुत्थान में हमारा शरीर मसीह के शरीर के समान बदल दिया जाएगा; अर्थात् वह अविनाशी, महिमामय, सामर्थी, आत्मिक और स्वर्गीय होगा (1 कुरिन्थियों 15:45-49)।

हमारा पुनरुत्थान कब होगा?

"देखो, मैं तुम से भेद की बात कहता हूँ : हम सब नहीं सोएँगे, परन्तु सब बदल जाएँगे—।" (1 कुरिन्थियों 15:51)

पुनरुत्थान के समय और उस समय हमारे शरीर के साथ क्या होगा, यह बताने से पहले पौलुस कहता है कि "मांस और लोहू परमेश्वर के राज्य के अधिकारी नहीं हो सकते" (1 कुरिन्थियों 15:50)। क्या इसका अर्थ यह है कि पुनरुत्थान के बाद हमारा कोई भौतिक शरीर नहीं होगा?

"मांस और लोहू" शब्दों का प्रयोग सदैव "मनुष्य" के पर्यायवाची के रूप में किया गया है (मत्ती 16:17; गलातियों 1:16; इफिसियों 6:12; इब्रानियों 2:14)। यहाँ पौलुस एक समानांतर तुलना प्रस्तुत करता है: पृथ्वी के निवासी = नाशवान; स्वर्ग के निवासी = अविनाशी। यहाँ हमारा शरीर नाशवान है; इसलिए हम इसे स्वर्ग में नहीं ले जा सकते।

मसीह के दूसरे आगमन पर यह नाशवान शरीर उसी प्रकार अविनाशी शरीर में बदल दिया जाएगा जैसा शरीर यीशु के पुनरुत्थान के बाद था (1 कुरिन्थियों 15:51-55; लूका 24:36-40)।

जो लोग यीशु में सो गए हैं, उनके लिए ऐसा प्रतीत होगा मानो केवल एक क्षण ही बीता हो। एक क्षण पहले उन्होंने मृत्यु की ठंडक का अनुभव किया था, और अगले ही क्षण वे यीशु को आते हुए देख रहे होंगे (1 कुरिन्थियों 15:52)।

ई जी व्हाइट (जिस विश्वास के द्वारा मैं जीवित रहता हूँ, 23 जून)

"यीशु का पुनरुत्थान उन सब लोगों के अंतिम पुनरुत्थान का एक नमूना था, जो उसमें सो गए हैं। उद्धारकर्ता का पुनर्जीवित शरीर, उसका व्यक्तित्व, उसके बोलने का ढंग और उसकी वाणी का स्वर—ये सब उसके अनुयायियों के लिए परिचित थे। इसी प्रकार जो लोग यीशु में सो गए हैं, वे भी फिर जीवित किए जाएँगे। हम अपने मित्रों को पहचानेंगे, जैसे चेलों ने यीशु को पहचान लिया था। यद्यपि इस नश्वर जीवन में वे विकृत, रोगग्रस्त या कुरूप हो गए हों, फिर भी उनके पुनर्जीवित और महिमामय शरीर में उनकी व्यक्तिगत पहचान पूर्णतः सुरक्षित रहेगी। और हम यीशु के मुख से चमकने वाले प्रकाश से आलोकित उनके चेहरों में अपने प्रियजनों के परिचित मुख-लक्षणों को पहचान लेंगे।"